web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, मंगलवार 16 अक्टूबर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-21

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बांग्लादेश के पूर्व मंत्री के खिलाफ मामले में फैसला टला

शिलांग (आरएनएस)। मेघालय की राजधानी शिलांग में एक स्थानीय अदालत में बांग्लादेश के पूर्व मंत्री सलाहुद्दीन अहमद के खिलाफ भारत में कथित घुसपैठ करने के मामले में सोमवार को फैसला टल गया।

### समुद्र में भारत के बहुत करीब आएगी चीनी नौसेना

नई दिल्ली (आरएनएस)। डोकलाम मुद्दे पर चले लंबे संघर्ष के बाद अब भारत और चीन समुद्री सीमा पर एक दूसरे के आमने-सामने हो सकते हैं। दरअसल, भारत को घेरने की कोशिश में रहनेवाले चीन ने एक नई चाल चली है, जिसमें मलयेशिया ने उसका साथ देकर भारत को झटका दिया है। इससे चीन की नेवी भारत के बहुत करीब आ जाएगी।

### शॉट सर्किट से रामानी मार्केट में स्थित गोदाम में लगी भीषण आग

बिलासपुर। जिले के तखतपुर नगर के गांधी पुतला के पास स्थित रामानी मार्केट में स्थित एक गोदाम में सोमवार की रात में शॉट सर्किट से आग लग जाने से पूरे कपड़े बाजार में दहशत फैल गई, बिलासपुर मुंगेली फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियो और तखतपुर नगर पालिका से पहुंचे टैंकर की मदद से आग पर 3 घंटे में काबू पाया जा सका, डिस्पोजल कॉपी पेन मनिहारी सामान सहित कुछ फटाके जलने से एक लाख का नुकसान हुआ। जानकारी के अनुसार तखतपुर में कल रात साढ़े आठ बजे गांधी प्रतिमा स्थल चौक पर स्थित रमानी मार्केट में अंदर कपड़े कन्फेक्शनरी मनिहारी की दुकान और मुख्य मार्ग में स्थित कुछ दुकानदारों के गोदाम भी है।इस कांप्लेक्स में रम्मी मंगलानी का दुकान है व दुकान के ठीक ऊपर में उनका एक गोदाम है जिसमें डिस्पोजल कॉपी पुस्तक पेन व मनिहारी दुकान का समान था।

### ट्रेन में बच्चों के साथ महिलाएं करती थी चोरी, पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा

राजनांदगांव। बच्चों के साथ ट्रेन में सफर कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले महिला चोर गिरोह को रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी महिलाओं ने एक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र चोरी कर रहे थे। वहां मौजूद सुरक्षा बल के जवानों ने घटना को देख लिया और आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर जीआरपी पुलिस के हवाले किया है।

### आरबीआई ने जताई राहत की बात नहीं बंद होंगे 90 करोड़ डेबिट-क्रेडिट कार्ड

नई दिल्ली। आरबीआई ने कंपनियों को राहत देने के बजाए आम जनता को बड़ी राहत दे दी है। जिसके चलते फिलहाल 90 करोड़ से अधिक डेबिट व क्रेडिट कार्ड के बंद होने का खतरा टल गया है। हालांकि आरबीआई ने विदेशी कार्ड पेमेंट गेटवे कंपनियों पर कुछ बंदिशें लगाई हैं और इस संबंध में कुछ दिशा-निर्देश भी दे सकता है। देश में सबसे ज्यादा डेबिट व क्रेडिट कार्ड मास्टरकार्ड और वीजा के जारी होते हैं।

### Honor 8X आज होगा भारत में लॉन्च, जानिए कीमत

हैंडसेट निर्माता कंपनी Huawei का सब ब्रांड हॉनर आज नई दिल्ली में आयोजित इवेंट के दौरान अपने मिड-रेंज स्मार्टफोन Honor 8X को लॉन्च करेगी। हॉनर 8 एक्स के प्रमुख फीचर की बात करें तो यह 6.5 इंच का डिस्प्ले और 19.5:9 आस्पेक्ट रेशियो वाला हैंडसेट होगा। भारत में Honor ब्रांड का यह पहला ऐसा स्मार्टफोन होगा जो कंपनी के लेटेस्ट हाईसिलिकॉन किरिन 710 चिपसेट से लेस होगा।

## इलाहाबाद का नाम हुआ प्रयागराज

### यूपी कैबिनेट ने दी मंजूरी



लखनऊ (आरएनएस)। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के तट पर बसा उत्तर प्रदेश का इलाहाबाद जिला अब प्रयागराज के नाम से जाना जाएगा। मंगलवार को हुई यूपी कैबिनेट की बैठक में इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। लंबे समय से संत और स्थानीय लोग इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज करने की मांग कर रहे थे। अगले साल तीर्थराज प्रयाग में कुंभ मेले का आयोजन होने वाला है जिसमें दुनियाभर से करोड़ों लोगों के आने की संभावना है। राज्य सरकार की इसकी तैयारी पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है।

#### संतों ने दिया था प्रस्ताव

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि संतों और अन्य गणमान्य लोगों ने इलाहाबाद का नाम प्रयागराज किए जाने का प्रस्ताव रखा है। सरकार ने पहले ही प्रयागराज मेला प्राधिकरण का गठन करने की सिद्धांत रूप में मंजूरी दे दी थी। मुख्यमंत्री ने इलाहाबाद का नाम प्रयागराज किए जाने को समर्थन देते हुए कहा कि जहां दो नदियों का संगम होता है, उसे प्रयाग कहा जाता है। उत्तराखंड में भी ऐसे कर्णप्रयाग और रुद्रप्रयाग स्थित है। हिमालय से निकलने वाली देवतुल्य दो नदियों का संगम इलाहाबाद में होता है और यह तीर्थों का राजा है। ऐसे में इलाहाबाद का नाम प्रयाग राज किया जाना उचित ही होगा।

#### कैबिनेट ने लगाई मुहर

इलाहाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज किए जाने के प्रस्ताव पर अंतिम मुहर मंगलवार को कैबिनेट बैठक में लगा दी गई। अब कुंभ से पहले ही इलाहाबाद का नाम पूरी तरह से प्रयागराज कर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने इसकी जानकारी दी।

#### ब्रह्मांड की शुरुआत प्रयाग से हुई

हिंदू मान्यताओं के मुताबिक, ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा ने इसकी रचना से पहले यज्ञ करने के लिए धरती पर प्रयाग को चुना और इसे सभी तीर्थों में सबसे ऊपर, यानी तीर्थराज बताया। कुछ मान्यताओं के मुताबिक ब्रह्मा ने संसार की रचना के बाद पहला बलिदान यहीं दिया था, इस कारण इसका नाम प्रयाग पड़ा। संस्कृत में प्रयाग का एक मतलब बलिदान की जगह भी है।

#### बादशाह अकबर ने बसाया इलाहबास

मुगल बादशाह अकबर के राज इतिहासकार और अकबरनामा के रचयिता अबुल फज्ल बिन मुबारक ने लिखा है कि 1583 में अकबर ने प्रयाग में एक बड़ा शहर बसाया और संगम की अहमियत को समझते हुए इसे अल्लाह का शहर, इल्लाहाबास नाम दे दिया। उन्होंने यहां इलाहाबाद फोर्ट का निर्माण कराया, जिसे उनका सबसे बड़ा किला माना जाता है। जब भारत पर अंग्रेज राज करने लगे तो रोमन लिपि में इसे अलाहाबाद लिखा जाने लगा।

## झारखंड में नक्सलियों ने रेल पटरी पर किया धमाका, दिल्ली-हावड़ा मार्ग पर ट्रेनें ठप्प



धनबाद। झारखंड में नक्सलियों ने सोमवार रात 10.44 बजे धनबाद-गया रेल मार्ग पर चौधरीबांध और चिंगड़ो रेलवे स्टेशन के बीच रेल पटरी को विस्फोटक के जरिये उड़ा दिया. इससे दिल्ली-गया-हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन बाधित हो गया है. हालांकि किसी भी जान माल के नुकसान की खबर नहीं है. कई ट्रेनें बीच रास्ते में फंसी थीं और कुछ ट्रेनों का रूट डाइवर्ट किया गया था. धनबाद रेल डिवीजन के चौधरीबांध और चिंगड़ो रेलवे हाल्ट के बीच पोल संख्या 326/18 के पास ट्रैक को उड़ाया गया था. सूचना के बाद एहतियातन ट्रेनों को जहां तहां रोक दिया गया. रेलकर्मियों ने साढ़े तीन बजे के आसपास ट्रैक की मरम्मत कर ली. उसके बाद साढ़े चार बजे के आस पास इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन शुरू हो पाया. इस रूट से होकर जाने वाली 12178 चंबल एक्सप्रेस को दीनदयाल उपाध्याय जंकशन (मुगलसराय) से पटना होकर भेजा गया, जबकि 13009 अप दून एक्सप्रेस पटना होकर आएगी.

## पाकिस्तान में संसदीय समिति 25 जुलाई को हुए चुनाव की जांच करेगी

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान में सरकार ने सोमवार को एक 30 सदस्यीय समिति गठित की जो गत 25 जुलाई को हुए आम चुनाव में कथित गड़बड़ी की जांच करेगी। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।



नेशनल असेंबली के अध्यक्ष असद कैसर के द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक समिति आम चुनाव में हुई कथित सभी अनियमितताओं की समीक्षा करेगी और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सिफारिशें भी पेश करेगी। समिति में 15 सत्तारूढ़ दलों के सांसद तथा 15 विपक्षी दलों के सांसद शामिल हैं। सरकार और विपक्षी दलों ने गत महीने 25 जुलाई को हुए आम चुनावों में कथित गड़बड़ी की जांच के लिए समिति के गठन पर सहमति व्यक्त की थी और इस संबंध में नेशनल असेंबली में एक प्रस्ताव पारित किया गया था।

## यौन शोषण के आरोप में फंसे एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज खान का इस्तीफा



नई दिल्ली। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज खान का इस्तीफा, यौन शोषण के लगे थे आरोप।

## मी टू : एमजे अकबर मामले की सुनवाई 18 अक्टूबर को



नई दिल्ली। एमजे अकबर की ओर से दायर किए गए महिला पत्रकार के खिलाफ मानहानि के मामले की सुनवाई 18 अक्टूबर से, केंद्रीय मंत्री एमजे अकबर ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज किया है. इस मामसे की सुनवाई 18 अक्टूबर से शुरू होगी।

## माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक पॉल एलन का 65 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक और जाने माने टेक्नोलॉजिस्ट पॉल एलन का सोमवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 65 वर्ष थी। उन्होंने बॉल्कम इंक नाम की कंपनी की भी स्थापना की थी। एलन के निधन के बारे में कंपनी की ओर से बयान जारी करके कहा गया है कि कैंसर की वजह से उनका निधन हुआ है। एलन की बहन जॉडी ने बताया कि वह हर स्तर पर एक अनूठे व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि लोग एलनल को एक टेक्नोलॉजिस्ट के रूप में जानते हैं लेकिन वह हमारे लिए बहुत प्यारा भाई और जबरदस्त दोस्त था। उनके पास परिवार के लिए हमेशा समय रहता था।



## हटने को तैयार नहीं अब्दुल्ला यामीन, फिर शुरू हो सकता है राजनीतिक संकट

माल (आरएनएस)। मालदीव के निवर्तमान राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन ने चुनाव में अपनी बड़ी हार के लिए गायब होने वाली स्याही और मतदान पत्रों में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। इससे मालदीव में एक नया राजनीतिक संकट शुरू हो सकता है। मालदीव में बदलती हुई स्थिति पर भारत करीबी नजर रख रहा है।

यामीन ने शुरुआत में कहा था कि वह हार स्वीकार कर रहे हैं और 17 नवंबर को अपना कार्यकाल समाप्त होने पर पद से हटने के लिए तैयार हैं, लेकिन पिछले सप्ताह उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका



दायर कर चुनाव परिणाम रद्द करने की मांग कर दी।

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई के दौरान यामीन के वकील मोहम्मद सलीम ने प्रिंटर पर मतदान पत्रों पर ऐसी कोटिंग करने का आरोप लगाया जिससे यामीन के बॉक्स में निशान वाले वोट गायब हो गए। सलीम ने कहा कि यामीन के लिए वोट करने जा रहे लोगों को गायब होने वाली स्याही के साथ एक स्पेशल पेन दिया गया था। हालांकि, इससे पहले सुनवाई में इलेक्शन कमीशन के वकील ने चुनाव में किसी भी गड़बड़ी से इनकार किया था।

सूत्रों के मुताबिक, ऐसा संभव है कि यामीन आसानी से पद न छोड़ें और वह इस पर बने रहने के लिए कड़ा संघर्ष करें और यह रणनीति उसी का हिस्सा है। हालांकि, इसके साथ ही सूत्रों ने दावा किया कि यामीन की कोशिशों का कोई खास फायदा नहीं होगा क्योंकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने चुनाव के नतीजे को निष्पक्ष और स्वतंत्र माना है। चुनाव में 89.2 पर्सेंट मतदान हुआ था।

**अमेरिका-यूरोपीय देशों की चेतावनी**

अमेरिका ने हाल में कहा था कि अगर मालदीव के लोगों की इच्छा को अनदेखा किया गया तो वह उपयुक्त कदम उठाएगा। इससे पहले यूरोप की ओर से भी इसी तरह की चेतावनी दी जा चुकी है। यामीन की प्रोग्रेसिव पार्टी ने शनिवार को कहा था कि चुनाव में बड़े स्तर पर गड़बड़ी की गई थी।

## मानेंगे सुप्रीम कोर्ट का फैसला, कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं

### सीएम पिनराई विजयन ने कहा

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। सबरीमाला में महिलाओं के प्रवेश को अनुमति देने के बाद मचे बवाल पर केरल के मुख्यमंत्री ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश को मानेंगे। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा, हम किसी को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं देंगे। सरकार सबरीमाला मंदिर जाने वाले भक्तों की सुविधाओं का ध्यान रखेगी। सीएम ने आगे कहा, सरकार मामले में पुनर्विचार याचिका दायर नहीं करेगी। हमने कोर्ट में कह चुके हैं कि आदेश को लागू किया जाएगा। बता दें कि बुधवार को मंदिर के दरवाजे खुलने हैं।

सीएम विजयन के इस रुख से साफ कि विपक्षी दलों के विरोध के बावजूद सरकार झुकने के पक्ष में नहीं है। उधर बुधवार से खुले रहे सबरीमाला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जमघट पंपा में आना शुरू हो गया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को इजाजत दे दी थी। इसके बाद से ही केरल में सियासी संग्राम छिड़ा हुआ है। महिलाओं की एंट्री के विरोध में जगह-जगह भगवान अयप्पा के भक्त प्रदर्शन कर रहे हैं।

#### टीडीबी की मीटिंग में आखिरी कोशिश

उधर, त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) की तंत्री परिवार, पंडलम पैलेस के प्रतिनिधि और अयप्पा सेवा संगम के नेताओं के साथ मंगलवार को चर्चा जारी है। इस सरकार की ओर से आखिरी कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। टीडीबी अध्यक्ष ए पद्मकुमार का कहना है, हम यहां सालों पुरानी परंपराओं और मूल्यों को बदलने के लिए नहीं हैं। हम सबरीमाला के भक्तों के हित और मूल्यों की रक्षा करना चाहते हैं। वह आगे कहते हैं, सभी मुद्दों का सुलझना जरूरी है।

## 20 साल की मॉडल की हत्या, सूटकेस में लाश भरकर झाड़ियों में फेंका

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के मलाड (पश्चिम) में माइंडस्पेस के पास झाड़ियों के बीच ट्रैवल बैग में 20 साल की मॉडल की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। बैग मिलने के 4 घंटे के अंदर ही बांगुर नगर पुलिस ने हत्या के आरोप में सेकंड ईयर के स्टूडेंट को गिरफ्तार कर लिया जो मिल्लत नगर अंधेरी (पश्चिम) में रहता था। आरोपी की पहचान मुजम्मिल सईद (20) के रूप में हुई।




पुलिस ने बताया कि मृतका का नाम मानसी दीक्षित है, जो पेशे से मॉडल थी। मुजम्मिल ने पुलिस को बताया कि हादसे के दौरान मानसी उसके फ्लैट में थी। इसके बाद दोनों के बीच विवाद हुआ और उसने गुस्से में मुजम्मिल ने मानसी के सिर पर स्टूल मार दिया जिससे अनजाने में मानसी की मौत हो गई। मानसी राजस्थान के कोटा से ताल्लुक रखती थी और पिछले 6 महीने से अंधेरी (पश्चिम) में रह रही थी। पुलिस ने बताया कि सईद और मानसी के बीच दोस्ती एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी।

पुलिस ने बताया कि उसे जैसे ही सूटकेस मिलने की खबर मिली तो वह मौके पर पहुंचे। बैग के अंदर एक महिला की लाश थी जिसके सिर पर चोट थी। उसके शव को कुशन और बेडशीट से कवर किया हुआ था। पुलिस ने बताया कि उन्होंने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। हालांकि सीसीटीवी फुटेज में उन्हें एक कार दिखी जिसके अंदर बैठे एक शख्स ने सड़क किनारे सूटकेस फेंका था।

इसी के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान की और उसे उसकी बिल्डिंग से गिरफ्तार किया।

## म्यांमार में चीनी वस्त्र कारखाना मजदूरों पर हमला, कई घायल

यांगून (आरएनएस)। म्यांमार में एक चीनी स्वामित्व वाले वस्त्र कारखाना के मालिक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे मजदूरों पर किराए के ठगों के हमले में कई घायल हो गये। लगभग दो महीने पहले, विशेष रूप से महिला मजदूरों ने कथित खराब परिस्थितियों और कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार की शिकायत करना शुरू कर दिया था। चैनल न्यूज एशिया टीवी रिपोर्ट में महिला प्रदर्शनकारियों ने कहा, 40 से अधिक ठग आये और लड़की एवं लोहे के छड़ से हमला कर दिया।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान की सीमा पर कई इलाके सील

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों के बीच झड़प के कारण बहुत से सीमावर्ती इलाके सोमवार को भी बंद रहे, जिससे दोनों तरफ सीमा पर सैंकड़ो वाहनों समेत लोग फंसे हुए हैं।

पाकिस्तानी-अफगानी अधिकारियों के मुताबिक रविवार को दोनों देशों के सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी के बाद द चमन-स्पिन बोलदाक सीमा बंद कर दी गयी। दोनों पक्षों के बीच झड़प उस समय शुरू हुई, जब सीमा पर बाड़ लगाने का प्रयास कर रहे पाकिस्तानी सैनिकों पर अफगानी सैनिकों ने गोलियां चलायीं।

इस बीच दोनों देशों की सेना ने एक दूसरे पर सीमा पार करने पर रोक लगाने का आरोप लगाया है। अफगानिस्तान के कंधार प्रांत के पुलिस प्रमुख जिया दुरानी ने कहा, किसी भी मामले में हम अपने देश की रक्षा के लिए तैयार हैं।